तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 13 जुलाई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 गाड़ामोर मेन रोड के गड्ढे बने 'बरसाती, तालाब', हर दिन हादसे ...



08 गुरु बालक दास जयंती की तैयारियां तेज, 16 अगस्त...



## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम धनोट स्थित चंदखुरी शीतला तालाब के पास से घेराबंदी कर जनक लाल बांधे को पकड़ा गया। उसके पास से एक प्लास्टिक की बोरी मे 30 नग शोले शराब मसाला पौवा जब्त किया। प्रत्येक पौव्वा में 180 एमएल शराब भरी हुई प्लास्टिक सीसी में बल्क लीटर 5.400 बरामद किया। उक्त सामानों की कीमत 3200 रुपये आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस लगातार अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। लोगों से अपील की गई है कि आसपास कहीं भी अवैध शराब की बिक्री हो रही है तो शिकायत करें।

### आफिस में घुसकर मारपीट पुलिस ने किया जुर्म दर्ज

**भिलाई।** जबरन आफिस में घुसकर तोड़फोड़ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि इंटरनेशनल इंस्ट्यूट एजुकेशन ऑफिस सूर्या मॉल द्वितीय तल जुनवानी में स्थित है। जिसका रिजनल डायरेक्टर सुमी सुजीत है। ऑफिस में तविशा बनर्जी काउंसलर के पद पर आफिस में काम करती थी। तविशा बनर्जी को काम में रूचि नही दिखाती थी। ऑफिस में आने जाने वाले लोगो से ठीक से बातचीत नही करती थी। तविशा बनर्जी को माह मार्च 2026 में ऑफिस से निकाल दिया गया था। उसका सभी वेतन दिया जा चुका है। 10 जुलाई की दोपहर अपने पति डायरेक्टर सुजीत सुशीलन, एडमिशन मैनेजर रितु मुखर्जी तीनो ऑफिस रूम में बैठक ले रहे थे। तभी तविशा बनर्जी अपने अन्य दोस्त ने मिलकर जबरदस्ती ऑफिस में घुसकर गाली गलौज करने लगे। ऑफिस में रखे सामान को भी तोड़फोड़ किया। तविशा बजर्नी को सभी ने बैठक के बाद बात करने को कहा गया था। लेकिन तविशा ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगी।

### ट्विनसिटी सबसे गर्म बारिश के आसार नहीं

**भिलाई।** पिछले पांच दिनों से लोगों को बारिश का इंतजार है। धूप-छांव का पूरे दिन खेल चल रहा है लेकिन बारिश का अता-पता नहीं है। शनिवार को प्रदेशभर में सबसे अधिक तापमान ट्विनसिटी का रहा है। पारा 33.6 डिग्री सेल्सियस चला गया है। जो सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस अधिक है। इसी तरह न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस रहा। जो सामान्य से 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के हिसाब से रविवार को भी बारिश का सिस्टम ट्विनसिटी के लिए नहीं बना है।

## केछवई मोड़ पर फिर धंसी पुलिया, स्टेट हाइवे पर हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/कोदवा

दुर्ग-बेमेतरा राजकीय राजमार्ग पर ग्राम केछवई मोड़ के पास एक बार फिर पुलिया धंस जाने से सड़क पर बड़ा जानलेवा गड्ढा बन गया है। लगातार हो रही बारिश के बीच पुलिया का स्लैब धंसने से यह स्थान दोबारा ब्लैक स्पॉट बन गया है। प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, ऐसे में जरा-सी चूक भी बड़े सड़क हादसे का कारण बन सकती है।

स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कुछ महीनों के भीतर ही बारिश के पानी के दबाव से पुलिया दोबारा धंस गई है। उनका कहना है कि हर वर्ष संबंधित विभाग द्वारा केवल अस्थायी और कामचलाऊ मरम्मत की जाती है, जिसके चलते समस्या बार-बार सामने आ रही है। लोगों ने इसे विभागीय लापरवाही बताते हुए स्थायी समाधान की मांग की है। हैरानी की बात यह है कि गंभीर खतरे के बावजूद लोक निर्माण विभाग ने तकनीकी रूप से पुलिया की मरम्मत कराने के बजाय गड्ढे में पेड़-पौधों की डालियां और सूखी शाखाएं लगाकर सांकेतिक बैरियर बना दिया है। हाईवे जैसी व्यस्त सड़क पर यह अस्थायी व्यवस्था रात के समय वाहन चालकों को आसानी से दिखाई नहीं देती, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ गई है। ग्रामीणों और राहगीरों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिया की स्थायी मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने शासन-प्रशासन से तत्काल मौके का निरीक्षण कर तकनीकी रूप से पुलिया का पुनर्निर्माण कराने तथा आवागमन को सुरक्षित बनाने की मांग की है।

**बारिश से हुआ जानलेवा गड्ढा, हजारों वाहन गुजरते हैं यहां से**





## विडंबना : दीवारों से झड़ रहा प्लास्टर, काली पड़ चुकी हैं दीवारें

## बदहाली का शिकार बीईओ कार्यालय जर्जर भवन में चल रहा पूरा तंत्र


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- बिखरी फाइलें और कबाड़ बने फर्नीचर के बीच काम करने को मजबूर कर्मचारी

जिस विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालय से पूरे विकासखंड की शैक्षणिक व्यवस्था संचालित होती है, उसी कार्यालय की बदहाल तस्वीर शिक्षा विभाग की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रही है। जिला मुख्यालय के कोबिया क्षेत्र स्थित बीईओ कार्यालय वर्षों से मरम्मत और रंग-रोगन के अभाव में जर्जर हो चुका है।

भवन की हालत ऐसी है कि पहली नजर में ही सरकारी तंत्र की अनदेखी साफ दिखाई देती है। कार्यालय की दीवारों से पेंट उखड़ चुका है और अधिकांश हिस्से काले पड़ गए हैं। कई जगह प्लास्टर झड़ रहा है। दरवाजे और खिड़कियां जर्जर अवस्था में हैं, जबकि परिसर और कार्यालय के भीतर साफ-सफाई का अभाव नजर आता है। अंदर पुराने और अनुपयोगी फर्नीचर कबाड़ में तब्दील हो चुके हैं तथा सरकारी फाइलों के रखरखाव की व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है। हैरानी की बात यह है कि इसी जर्जर भवन में अधिकारी और कर्मचारी प्रतिदिन काम करने को मजबूर हैं। भवन की हालत को देखते हुए किसी भी समय अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है, लेकिन अब तक भवन के जीर्णोद्धार की दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिक्षा विभाग को हर वर्ष रखरखाव और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए बजट मिलता है, इसके बावजूद बीईओ कार्यालय की दुर्दशा विभागीय उदासीनता को उजागर करती है। लोगों का सवाल है कि जब शिक्षा व्यवस्था की कमान संभालने वाला कार्यालय ही बदहाली का शिकार है, तो स्कूलों की व्यवस्थाओं की निगरानी कितनी प्रभावी होगी। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से बीईओ कार्यालय का तत्काल निरीक्षण कर भवन की मरम्मत, रंग-रोगन, साफ-सफाई और आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि कर्मचारियों को सुरक्षित और सम्मानजनक कार्य वातावरण उपलब्ध कराना शासन की जिम्मेदारी है।

**विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल**



## सात सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी पेंशनर्स ने विधायकों को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- डीए, पेंशन और कैशलेस चिकित्सा सहित मांगों पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के संयुक्त आव्हान पर शनिवार को बेमेतरा विधायक दीपेश साहू व साजा विधायक ईश्वर साहू को मुख्यमंत्री के नाम सात सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

सौंपे गए ज्ञापन में प्रमुख मांगें मोदी की गारंटी लागू करते हुए लंबित 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत को देय तारीख से शीघ्र भुगतान का आदेश जारी किया जाए, कैशलेस चिकित्सा की घोषणा बजट सत्र में की गई थी, किंतु योजना की जानकारी कर्मचारियों को अभी तक नहीं दी गई है। योजना का शीघ्र क्रियान्वयन किया जाए।

सेवानिवृत्त पर 300 दिवस का अवकाश नकदीकरण का भुगतान किया जाए, अनुकंपा नियुक्ति में 10 प्रतिशत सीलिंग समाप्त की जाए तथा पेंशनरों को मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना में शामिल किया जाए। 70 वर्ष की आयु होने पर 20 प्रतिशत पेंशन वृद्धि करने महंगाई राहत भुगतान में मध्य प्रदेश शासन से सहमति लेने की परंपरा समाप्त की जाए। पेंशन कल्याण मंडल का पुनर्गठन करने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेश का क्रियावायन करते हुए छठवें एवं सातवें वेतनमान के एरियर राशि का भुगतान किया जाए। छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष आरके वर्मा, कर्मचारी फेडरेशन के संयोजक नानक साहू, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ अध्यक्ष हितेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में कर्मचारी एवं पेंशनर्स साथियों के साथ कर्मचारी एवं पेंशनरों की मांगों को समर्थन करते हुए अनुशंसा पत्र भेजे जाने मांग पत्र सौंपा गया। इस दौरान थानूराम यादव, रोमन जायसवाल, धर्मेंद्र शर्मा, संतोष नामदेव, जेएल खुटियारे, खिलावन साहू, उमाशंकर साहू, नुतन शर्मा, कपिल वर्मा, विजय टंडन, केएस परते, लालसिंह ठाकुर, रामसिंह राजपूत उपस्थित रहे।

## कठिया की गलियां बनीं गंदे नाले घुटनों तक जलभराव से ग्रामीण बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

- निकासी व्यवस्था ठप, बदबूदार पानी और कीचड़ से आवागमन मुश्किल

बरसात की पहली फुहार के साथ ही बेरला जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत कठिया में विकास के दावों की हकीकत सामने आ गई है। गांव की कई गलियां जलनिकासी व्यवस्था के अभाव में गंदे नाले में तब्दील हो गई हैं। सड़कों पर घुटनों तक बदबूदार पानी और कीचड़ जमा होने से ग्रामीणों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया है। हालात ऐसे हैं कि स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं रोजाना जान जोखिम में डालकर आवागमन करने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि स्वच्छ भारत मिशन और आदर्श ग्राम जैसी योजनाओं के नाम पर केवल कागजी दावे किए जा रहे हैं, जबकि धरातल पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। गांव के कई हिस्सों में नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से गंदा पानी सड़कों पर फैल गया है और अब लोगों के घरों के दरवाजों तक पहुंचने लगा है। जलभराव और गंदगी के कारण पूरे मोहल्ले में संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है। लगातार बदबू और कीचड़ के बीच रहने को मजबूर ग्रामीणों ने शीघ्र जलनिकासी और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। उनका कहना है कि पंचायत से लेकर जनपद और जिला पंचायत तक कई बार समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई प्रभावी पहल नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि विकास योजनाओं के नाम पर केवल औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं, जबकि गांव की बुनियादी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। इससे प्रशासन और पंचायत की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले में ग्राम पंचायत कठिया के सरपंच बसंत कुमार भारद्वाज से मोबाइल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया। लेकिन सरपंच से संपर्क नहीं हो पाया।

## जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में सलधा संकुल की छात्रा करुणा की गई सम्मानित



**बेरला।** जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में विकासखंड बेरला के सलधा संकुल की होनहार छात्रा करुणा साहू को सम्मानित किया गया। करुणा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया एम की छात्रा है। उसने राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा में 106 अंक हासिल किए हैं। उसकी इस उपलब्धि पर जिला प्रशासन द्वारा उसे शाला प्रवेश उत्सव के मंच पर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि करुणा की सफलता पूरे विद्यालय के लिए गर्व और खुशी का विषय है। उसकी मेहनत से हमारे स्कूल और ब्लॉक का नाम रोशन हुआ है। इस सफलता में प्रधान पाठिका शैल देवांगन, शिक्षक धर्मेंद्र चौधरी, शिक्षिका ममता बघेल और शिक्षक अरविंद कश्यप का विशेष योगदान रहा। शिक्षकों के सतत प्रोत्साहन, कुशल मार्गदर्शन और अथक सहयोग से ही करुणा ने यह मुकाम हासिल किया है। उल्लेखनीय है कि करुणा ने कक्षा आठवीं की परीक्षा में भी इस वर्ष पूरे ब्लॉक में चौथा स्थान प्राप्त किया था। लगातार दो बड़ी उपलब्धियों से पूरे शाला परिवार गौरवान्वित है। सम्मान मिलने के बाद करुणा ने कहा कि वह आगे भी इसी तरह मेहनत कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेगी।

## बचेड़ी में सामूहिक पौधारोपण, हरित भविष्य के लिए ग्रामीणों ने लिया संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

- जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने लगाए विभिन्न प्रजातियों के पौधे, पर्यावरण बचाने का दिया संदेश



पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से ग्राम पंचायत कुम्हीगुडा के आश्रित ग्राम बचेड़ी में रविवार को भव्य सामूहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का नेतृत्व ग्राम पंचायत कुम्हीगुडा की सरपंच श्रीमती लता मोहित सिन्हा ने किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष प्रकृति का अनमोल उपहार हैं और स्वच्छ पर्यावरण, शुद्ध वायु तथा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने पौधारोपण के साथ उसकी नियमित देखभाल करने की जिम्मेदारी निभाने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर उपसरपंच खूबीराम सिन्हा, पंचायत सचिव बहलराम साहू, ग्राम सचिव महेश सिन्हा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुशीला सिन्हा, पंच नागेंद्र सिन्हा, बलदेव यादव, सुशीला यादव, जगराखन निषाद, चितरेखा सिन्हा, सहिबीन यादव एवं संगीता नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल की जाएगी और ग्राम को हरा-भरा एवं स्वच्छ बनाने के लिए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी अभियान निरंतर चलाए जाएंगे। वक्ताओं ने कहा कि आज लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाले वर्षों में स्वच्छ वातावरण, शुद्ध ऑक्सीजन और बेहतर जीवन का आधार बनेगा। पौधारोपण कार्यक्रम ने ग्रामीणों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ सामूहिक सहभागिता का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया।

### गिरफ्तार युवती और नवजात के जैविक संबंध की नहीं हुई पुष्टि, अब उच्च स्तरीय जांच की मांग तेज

## बोरी में मिले नवजात की मौत का रहस्य बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

नगर में 24 अगस्त 2025 को बोरी में बंद अवस्था में जीवित मिले नवजात शिशु का मामला लगभग एक वर्ष बाद भी रहस्य बना हुआ है।

इस बहुचर्चित प्रकरण में पुलिस आज तक वास्तविक आरोपी तक नहीं पहुंच सकी है। वहीं, फॉरेंसिक डीएनए जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद पुलिस की शुरुआती कार्रवाई और जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। वार्ड क्रमांक-3 के सुनसान स्थान पर बोरी में बंद नवजात शिशु मिलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने तत्काल शिशु को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायपुर रेफर किया गया था। हालांकि कुछ दिनों बाद उपचार के दौरान नवजात की मौत हो गई।





**15 दिन में गिरफ्तारी, बाद में बदली जांच की दिशा:** घटना के लगभग 15 दिन बाद 7 सितंबर 2025 को पुलिस ने उसी वार्ड की एक युवती को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस का दावा था कि पूछताछ के दौरान युवती ने अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसे विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उस समय पुलिस की कार्रवाई को बड़ी सफलता के रूप में प्रस्तुत किया गया था। लेकिन मामले ने उस समय नया मोड़ ले लिया, जब घटना के लगभग तीन माह बाद पुलिस ने गिरफ्तार युवती के रक्त नमूने और नवजात के फीमर बोन (जांघ की हड्डी) को डीएनए परीक्षण के लिए राज्य फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर भेजा।

**एक साल बाद भी अनसुलझा मामला**

घटना को एक वर्ष पूरा होने के करीब है, लेकिन पुलिस अब तक यह स्पष्ट नहीं कर सकी कि नवजात को बोरी में बंद कर फेंकने वाला वास्तविक आरोपी कौन था। डीएनए रिपोर्ट आने के कई महीने बाद भी जांच में कोई उल्लेखनीय प्रगति सामने नहीं आई है। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

**डीएनए रिपोर्ट ने खड़े किए बड़े सवाल:** छत्तीसगढ़ शासन की वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी एवं रासायनिक परीक्षक डॉ. अंजू वर्मा की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया कि नवजात के फीमर बोन से डीएनए प्रोफाइल प्राप्त ही नहीं हो सका। ऐसे में गिरफ्तार युवती और नवजात के बीच जैविक संबंध होने अथवा नहीं होने संबंधी कोई निश्चित निष्कर्ष देना संभव नहीं है। रिपोर्ट के सामने आने के बाद पूरे मामले की दिशा बदल गई। इसी आधार पर न्यायालय ने युवती को जमानत प्रदान कर दी। इसके बाद यह सवाल उठने लगे कि जब वैज्ञानिक जांच से कोई स्पष्ट निष्कर्ष नहीं निकला, तब पुलिस ने आगे की जांच का दायरा क्यों नहीं बढ़ाया और वास्तविक आरोपी की तलाश में ▶▶| शेष पेज 09 पर

अग्रसेन
प्रा. आई.टी. आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
छत्तीसगढ़ राज्य की बालिकाओं एवं महिलाओं को COPA ट्रेड में निशुल्क प्रशिक्षण
Affiliated By: N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत / भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्रा - छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25% की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड़ कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### नगर निगम दुर्ग में चार कर्मचारियों को पदोन्नति

दुर्ग। नगर पालिक निगम दुर्ग में विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा के आधार पर चार कर्मचारियों को पदोन्नति प्रदान की गई है। आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा जारी आदेश के तहत सहायक ग्रेड-3 के पद पर कार्यरत कर्मचारियों को सहायक ग्रेड-2 के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति प्राप्त करने वाले कर्मचारियों में नीलू तिवारी, पुरुषोत्तम साहू, रेखा कुर्रे एवं तपन यादव शामिल हैं। इन कर्मचारियों को शासन के नियमानुसार वेतनमान मैट्रिक्स लेवल-6 का लाभ मिलेगा। पदोन्नत कर्मचारियों को आदेश जारी होने की तिथि से 15 दिवस के भीतर नवीन पद पर कार्यभार ग्रहण करना होगा।

### मुकेश बने साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के संगठन सचिव



दुर्ग। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष नीरेंद्र साहू की अध्यक्षता एवं प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ संयोजक शशि कांत साहू के नेतृत्व में समाज के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता मुकेश साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ का संगठन सचिव नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद मुकेश साहू ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में समाज के युवाओं को संगठित कर सामाजिक एकता, शिक्षा, संगठन सशक्तीकरण तथा समाजहित के विभिन्न कार्यों को गति दी जाएगी। मुकेश साहू दुर्ग जिला साहू संघ में युवा प्रकोष्ठ संयोजक के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

### सोनी बने सोशल मीडिया प्रभारी



भिलाई। भारतीय जनता पार्टी अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने भिलाई तीन निवासी पूर्व पार्षद राजेन्द्र सोनी को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इनकी नियुक्ति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू, संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला प्रभारी रामजी भारती की सहमति और जिला अध्यक्ष पुरषोत्तम देवांगन के अनुमोदन से किया गया है। श्री सोनी ने मोर्चा जिला अध्यक्ष दिनेश देवांगन समेत सभी पदाधिकारियों का आभार जताया है।

### भर्ती के लिए दावा आपत्ति 13 जुलाई तक

दुर्ग। एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग-शहरी के अंतर्गत स्वीकृत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। दावा आपत्ति हेतु प्राप्त आवेदनों की अनन्तिम सूची परियोजना कार्यालय एवं नगर निगम दुर्ग के सूचना पटल पर अवलोकन हेतु चस्पा की गई है। आवेदकों से 13 जुलाई 2026 तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। उक्त अवधि में ई-भर्ती पोर्टल के माध्यम से ही ऑनलाइन दावा आपत्ति मान्य होगा।

# खुले गड्ढों से जान का खतरा, सुरक्षा उपाय करने के लिए आयुक्तों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

निर्माणाधीन स्थलों, स्कूलों सहित अन्य ऐसे स्थलों पर जहां गड्ढे हैं और उनमें बारिश का पानी जमा हो गया है। उन सभी जगहों पर निगरानी रखने के आदेश राज्य शासन ने जारी किए हैं। इसके लिए निकायों के आयुक्त और सीएमओ को निर्देशित किया गया है कि वे ऐसी सारी जगहों का सर्वे कराएं। उन जगहों की पहचान कर वहां यथासंभव सुरक्षा गार्ड की तैनाती की जाए। सुरक्षा बोर्ड लगाए जाएं। घेरा किया जाए। अन्य प्रकार से संकेतक लगाए जाएं। ताकि किसी प्रकार का हादसा सामने न आ सके। नगरीय प्रशासन ने इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे प्रति माह पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। लापरवाही सामने आने पर संबंधित पर कार्रवाई भी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। दुर्ग निगम आयुक्त ने शासन के आदेश के बाद शहर के सभी गड्ढों की निगरानी के निर्देश जारी किए हैं।

**लगातार हो रहे हादसों को देखते हुए राज्य शासन ने जारी किया आदेश**




**शहर में ऐसे स्थलों की भरमार, मोड़ की नालियां भी खुली हुईं**

बता दें कि शहर में यहां-तहां गड्ढों की भरमार है। कई जगह ऐसे हैं, जहां मोड़ पर नालियां खुली हुई हैं। बारिश होने पर नजर नहीं आती। इसके अलावा बारिश होने के साथ ही सड़क पर गड्ढे बन आए हैं। लगातार सोशल मीडिया में ऐसे गड्ढे वायरल भी हो रहे हैं। बावजूद अब तक इसे गंभीरता से नहीं लिया गया है। आदित्य नगर सड़क, मोतीपारा, बांधा तालाब क्षेत्र, पोटिया मार्ग, गया नगर, शिवपारा, सिद्धार्थ नगर सहित अन्य जगहों पर गड्ढे हैं। इसके अलावा निर्माण कार्य के दौरान कॉलोनियों में खुले में जगहों को छोड़ दिया गया है। इस वजह से हादसे का खतरा बना हुआ है।

## 24 फरवरी को जारी हुआ कार्यादेश, अब तक नींव खोदने का ही काम हुआ

# दुर्ग में आकार ले रहा शहर का पहला मल्टीलेवल पार्किंग, पुरानी बिल्डिंगों को किया गया डिस्मेंटल

**मल्टीलेवल पार्किंग का ड्राइंग और डिजाइन तैयार, आयुक्त ने किया निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

शहर का पहला मल्टीलेवल पार्किंग धीरे-धीरे आकार ले रहा है। पुराने जिला आर्युवेद अस्पताल आसपास के अन्य पुरानी बिल्डिंग को तोड़कर पार्किंग का काम शुरू किया गया है। बता दें कि 24 फरवरी को इस कार्य के लिए कार्यादेश जारी किया गया। योजना के अंतर्गत करीब 17.33 करोड़ रुपए में यह मल्टीलेवल पार्किंग तैयार किया जाना है। रायपुर के कार्य एजेंसी दीपक पांडेय को 7.56 प्रतिशत एबो में यह कार्य किया जा रहा है। द्वितीय निविदा में आई न्यूनतम दर के आधार पर यह कार्य आदेश जारी किया गया है। वर्तमान में आसपास की पुरानी बिल्डिंग को तोड़ने के अलावा झाड़ियों को हटाया गया है। पुराना बस स्टैंड स्थित इंदिरा मार्केट में बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए मल्टीलेवल पार्किंग स्वीकृत किया गया है। तीन मंजिला इमारत बनाए जाने की तैयारी है। इसमें दो पहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग होगी। निगम आउट सोर्सिंग के माध्यम से इस मल्टीलेवल पार्किंग का संचालन करेगा। जानकारी के मुताबिक 150 से ज्यादा वाहनों के रखने इंतजाम यहां किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह पार्किंग शहर में अपने तरह की पहली पार्किंग होगी। जहां दूसरे और तीसरे मंजिल में भी वाहन खड़े होंगे। कार्य एजेंसी को 18 माह का समय दिया गया है। वर्तमान में करीब 5 महीने का समय गुजर चुका है।







**जुलाई 2025 को मिली थी मल्टीलेवल पार्किंग की तकनीकी स्वीकृति**

जानकारी के मुताबिक मल्टीलेवल पार्किंग का काम काफी धीमी रफ्तार से चल रहा है। 28 जुलाई 2025 को इसकी 16.29 करोड़ रुपए तकनीकी स्वीकृति मिली थी। 6 अक्टूबर 2025 को 16.11 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति मिली। इसके बाद निविदा की प्रक्रिया शुरू हुई। निविदा प्रारूप और नियम-शर्तों का अनुमोदन लिया गया। पहली निविदा 4 नवंबर 2025 को जारी हुई। केवल एक निविदाकार ने टेंडर डाला, इसलिए प्रक्रिया को निरस्त कर दोबारा निविदा निकाली गई। दूसरी निविदा में 7.56 प्रतिशत एबो में करीब 17.33 करोड़ रुपए की लागत से कार्य की स्वीकृति दी गई। इसमें बिल्डिंग 1 जनवरी 2025 और इलेक्ट्रिकल 1 जून 2020 के एसओआर एवं नॉन एसओआर राशि 81.50 लाख रुपए में स्वीकृति प्रदान की गई। कार्य आदेश 24 फरवरी 2026 को जारी किया गया। 18 महीने में काम पूरा किया जाना है।

**नालंदा परिसर में बन रहा आधुनिक अध्ययन केंद्र**

पांच बिल्डिंग क्षेत्र में प्रयास कन्या विद्यालय एवं छात्रावास के पीछे अधोसंरचना मद से लगभग 12.13 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन नालंदा परिसर का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना के पूर्ण होने से विद्यार्थियों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को आधुनिक एवं सुव्यवस्थित अध्ययन सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे उनके शैक्षणिक विकास को नई दिशा मिलेगी। इसके अलावा 129.50 करोड़ की लागत से 47 एमएलडी एसटीपी का काम भी शुरू हो चुका है। अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत पुलगांव में 30 एमएलडी एवं उरला में 47 एमएलडी क्षमता के कुल 77 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम चल रहा है। परियोजना शहर की सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए तैयार की गई है।

# नांदघाट में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ बिलासपुर में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में शामिल होने जाते समय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत



कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी का शनिवार जिले के नांदघाट चौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। वे रायपुर से सड़क मार्ग से बिलासपुर में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इस दौरान आतिशबाजी कर उनका भव्य अभिनंदन किया गया।

स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व नांदघाट-खपरी के पूर्व उपसरपंच आरिफ बांठिया, प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव अमित जैन तथा किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों ने किया। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए कार्यक्रम की सफलता की शुभकामनाएं दीं। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि बिलासपुर में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों से संवाद स्थापित करना तथा शिक्षा व्यवस्था, प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और युवाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाना है। कार्यक्रम में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा शुरू किए गए छात्र संवाद अभियान को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर दीपक बैज प्रदेश अल्प संख्यक विभाग के अध्यक्ष अमीन मेमन, विधायक देवेंद्र यादव, प्रदेश महामंत्री सुबोध हरितवाल, सह प्रभारी रंजीत बेदी, गुलजेब अहमद सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे। स्वागत समारोह में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र साहू, अश्वनी अनंत, गणेश राजपूत, युवा कांग्रेस जिला महासचिव इमरान खान, लाला कटारे, लक्की निषाद, संजू ध्रुव, उमेश जांगड़े, सुनील अनंत, रूपेंद्र राजपूत, वकील बांठिया, पेटल पाल, धनु कटारे, अलीम बांठिया, अफजल बांठिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### माय भारत में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने निर्देश

दुर्ग। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की पहल माय भारत के अंतर्गत जिला सलाहकार एवं जिला समन्वय समिति की बैठक कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई।

# चिकित्सा शिक्षा को राष्ट्रसेवा का माध्यम बनाने लोगों से की गई अपील, लिया संकल्प




भिलाई। राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अभाविप, जिला दुर्ग और मिडे विजन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को श्री शंकराचार्य तकनीकी परिसर एसएसटीसी ऑडिटोरियम, जुनवानी में विकसित भारत 2047 के विजन में डॉक्टरों की भूमिका विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में 400 से अधिक विद्यार्थी, प्राध्यापक, चिकित्सक, चिकित्सा विशेषज्ञ और प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए।

मुख्य अतिथि अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी थे। अध्यक्षता एसएसटीसी के डायरेक्टर पीबी देशमुख ने की। इस अवसर पर अभाविप छत्तीसगढ़ की प्रदेश सह मंत्री मनीषा राणा, जिला संयोजक रूपेश कुर्रे और नगर अध्यक्ष डॉ. रितेश दुबे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब देश का स्वास्थ्य तंत्र सशक्त, संवेदनशील और सेवा भावना से परिपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई का महत्व लगातार बढ़ रहा है, लेकिन कोई भी तकनीक डॉक्टर की मानवीय संवेदना, करुणा और नैतिक मूल्यों का स्थान नहीं ले सकती। उन्होंने विद्यार्थियों से चिकित्सा शिक्षा को केवल रोजगार नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का माध्यम बनाने का आह्वान किया। पीबी देशमुख ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा का उद्देश्य केवल कुशल डॉक्टर तैयार करना नहीं, बल्कि ऐसे जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है जो ज्ञान, अनुसंधान, नवाचार और मानवीय मूल्यों के माध्यम से राष्ट्र के विकास में योगदान दें। उन्होंने विद्यार्थियों से आधुनिक तकनीक और शोध का उपयोग समाजहित में करने की अपील की। संगोष्ठी के दौरान विद्यार्थियों ने चिकित्सा शिक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वास्थ्य सेवाओं की चुनौतियों और विकसित भारत के निर्माण में डॉक्टरों की भूमिका से जुड़े कई प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार से उत्तर दिया। इस अवसर पर विभाग संयोजक कुनाल सिंह राजपूत, नगर मंत्री आकाश कुमार साहू, वैभव सिंह, हर्ष तिवारी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी और परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गुरु बालक दास जयंती की तैयारियां तेज, 16 अगस्त को रक्तदान शिविर और 18 अगस्त को निकलेगी विशाल शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ जिला सतनामी समाज की बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा तय, समाज के लोगों से अधिकाधिक सहभागिता की अपील



गुरु बालक दास जी की जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर रविवार को बेमेतरा स्थित रेस्ट हाउस में जिला सतनामी समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के पदाधिकारियों, अधिकारी-कर्मचारियों तथा जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला सतनामी समाज के तत्वावधान में 16 अगस्त को सतनाम भवन, नवागढ़ में जिला स्तरीय विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा 18 अगस्त को बेमेतरा में भव्य सतनाम शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें जिले के सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से समाज के लोगों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान गुरु बालक दास जयंती समारोह को भव्य, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय ढंग से आयोजित करने के लिए कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा, जिम्मेदारियों के निर्धारण तथा आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। समाज के पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक के अंत में जिला सतनामी समाज ने समस्त मानव समाज से रक्तदान शिविर, सतनाम शोभायात्रा एवं जयंती समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

**यातायात व्यवस्था में सुधार एवं कारगर पहल से सड़क दुघटनाओं में आई कमी**

# हादसों को रोकने हाइवे पर किए जा रहे सुरक्षा के उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले में प्रति माह आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में वाहन दुर्घटना की रोकथाम हेतु सौपें गये दायित्वों एवं किये जा रहे उपायों की लगातार समीक्षा की गई।

■ कलेक्टर ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

जानकारी दी गई कि लगातार बैठकों की वजह से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। वाहन दुर्घटना से होने वाली मृत्यु दर कम हुई है। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल भी सम्मिलित हुए। कलेक्टर एवं एसएसपी ने संयुक्त रूप से बैठक की एजेंडावार विभागों को सौंपे गये दायित्वों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक के प्रारंभ में विगत बैठक की पालन प्रतिवेदन में चर्चा की गई। जिसमें एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग, लोक निर्माण विभाग भ/स, लोक निर्माण विभाग दुर्ग, भिलाई इस्पात संयंत्र, नगर पालिक निगम दुर्ग, नगर पालिक निगम भिलाई, नगर पालिक निगम चरौदा भिलाई, नगर पालिका कुम्हारी, आबकारी विभाग, कार्यपालन अभियंता सीएसपीडीसीएल, जिला परिवहन विभाग, राजस्व विभाग, पीएमजीएसवाय, रेलवे विभाग, कार्यपालन अभियंता सेतु संभाग के अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा एवं वाहन दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु विभाग को सौंपे गये दायित्वों के अद्यतन प्रगति एवं शासन को प्रस्तावित कार्यों के संबंध में अवगत कराया।



**चयनित स्थलों पर हाई मास्ट, क्रश बैरियर और संकेतक लगाए गए**

जिला प्रशासन को अधिकारियों ने जानकारी दी कि चयनित स्थानों पर हाई-मॉस्क लाईट, क्रश बैरियर, रम्बल स्ट्रीट, पास कटिंग प्रारंभ एवं बंद करने, डिवाइडर कटिंग बंद करने, डिवाइडर निर्माण, सांकेतिक बोर्ड लगाने, सर्विस लेन निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, रेडियम स्टीकर लगाने, बोर्ड मार्किंग, मुख्य मार्ग से शराब दुकान हटाने, दुकानों में गॉड की तैनाती एवं वाहन पार्किंग की व्यवस्था, अण्डरब्रिजों की सफाई व्यवस्था आदि बेहतर कार्य किये गये। अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों की कार्यवाही पूर्णता पश्चात समिति को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। नगर निगम, पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों को सड़कों से अतिक्रमण हटाने नियमित कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। यातायात प्रभारी एएसपी ऋचा शर्मा ने पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से चौक-चौराहों एवं सड़कों में आवश्यक सुधार हेतु अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया।

**अंजोरा-नेहरुनगर बाइपास पर बनेगा नया पुलिया**

बैठक में चर्चा के दौरान जानकारी दी कि स्मृतिनगर मार्ग पर झरोखा के पास आए दिन ट्रैफिक जाम की समस्या सामने आ रही है। इसके निराकरण के लिए क्या कुछ किया जा सकता है। कलेक्टर ने नेहरू नगर अंजोरा बाईपास के झरोखा बोगदा पुलिया के पास वाहनों की जाम से मुक्ति दिलाने एनएचआई के अधिकारियों को समकक्ष अन्य पुलिया बनाने शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने सड़कों में विचरण करने वाले पशुओं को जिले में संचालित गौ-धामों में रखकर चारे पानी की समुचित प्रबंध करने पशुचिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। वहीं सीएमएचओ को हाइवे पेट्रोलिंग में एम्बुलेंस की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये। तय किया गया है कि नए पुलिया का निर्माण किया जाए, ताकि समस्या का निराकरण हो सके।

**स्कूलों से 500 मीटर के दायरे में मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक**

बैठक के पूर्व नारकोटिक्स नियंत्रण अभियान अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय समिति की बैठक में सभी सार्वजनिक स्थलों एवं शासकीय कार्यालयों के समीप मादक पदार्थों की बिक्री पर कड़ी नजर रखने पर जोर दिया गया। विशेषकर स्कूलों के 500 मीटर के दायरे में मादक पदार्थों की बिक्री निशिद्ध है। नशीले पदार्थ बेचने वाले के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। नशीले पदार्थों के परिवहन करते जब्त वाहनों पर कार्यवाही हेतु आबकारी विभाग को आवश्यक पहल करने कहा गया। बैठक में नगर निगम दुर्ग के आयुक्त सुमीत अग्रवाल, नगर निगम भिलाई चरौदा के आयुक्त दशरथ राजपूत, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, महेश राजपूत एवं सोनल डेविड तथा सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता आशीष भट्टाचार्य सहित अन्य मौजूद थे।

# एनएसयूआई ने शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



एनएसयूआई ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शहर में नए कॉलेज की की स्थापना, विश्वविद्यालय की नई बिल्डिंग का विस्तार की मांग की गई। इसके अलावा कहा गया कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत 158 कॉलेज तथा दुर्ग संभाग के सभी 7 जिले के अंतर्गत सभी महाविद्यालय आते हैं, विश्वविद्यालय में वाणिज्य एवं आर्ट विषय पर यूटीडी जल्द से जल्द सुचारू रूप से प्रारंभ किया जाए। एनएसयूआई के छात्र नेता युवा चंद्राकर ने शिक्षा मंत्री से आग्रह किया है कि पत्र के द्वारा जनहित और छात्रहित को ध्यान में रखते हुए इस निर्णय को तत्काल राज्य शासन को हमारी मांगों से अवगत कराएं। इस अवसर पर चैतन्य बंछोर, मयंक देशमुख, पीयूष सिन्हा, रोशन देवांगन, मृदुल सिंह, रिया दत्ता, अंजली साव, सृष्टि चंद्राकर, रोशन एवं अन्य छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष बने हरीश



**कवर्धा।** प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ की नई कार्यकारिणी की घोषणा शनिवार को प्रदेश संगठन द्वारा की गई। प्रदेश अध्यक्ष डॉ निरेंद्र साहू, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत साहू, प्रदेश महामंत्री रामचरण साहू तथा जिलाध्यक्ष धरमराज साहू के मार्गदर्शन में घोषित प्रदेश टीम में कवर्धा जिले के हरीश साहू को प्रदेश युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष (सह संयोजक) नियुक्त किया गया। उनके मनोनयन पर जिले सहित समाज के लोगों में हर्ष का माहौल है। समाज के पदाधिकारियों, युवाओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। हरीश साहू लंबे समय से सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने बिना किसी पद की अपेक्षा के समाज के विभिन्न कार्यक्रमों में निरंतर सहभागिता निभाई है। समाज हित से जुड़े कार्यों, युवाओं को संगठित करने तथा सामाजिक एकता को मजबूत करने में उनकी सक्रियता को देखते हुए प्रदेश संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

### कुई में कृषि विभाग ने किया अरहर बीज वितरण




**कुई कुकदूर।** ग्राम पंचायत कुई में कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए अरहर बीज वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य पंडरिया राजकुमार नेताम उपस्थित थें। इस अवसर पर भाजयुमो पंडरिया के महामंत्री यशवंत श्रीवास, कृषि विभाग के अधिकारी एवं लालसिंह जामरे विशेष रूप से उपस्थित थें। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत कुई के सरपंच धनंजय लहरे ने की। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत के किसानों को कृषि विभाग द्वारा अरहर के उन्नत किस्म के बीज वितरित किए गए। बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों ने इस योजना का लाभ प्राप्त किया। साथ ही कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को उन्नत खेती, गुणवत्तापूर्ण बीजों के उपयोग एवं बेहतर उत्पादन हेतु आवश्यक कृषि संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई। किसानों की समृद्धि एवं कृषि विकास के लिए शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का यह एक सराहनीय प्रयास है।

### विद्यार्थियों को कापी-पेन वितरित की गई



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रापा मे अभिषेक चंद्राकर द्वारा जन्मदिन के अवसर पर विद्यार्थी को कापी-पेन बांट कर अपने जन्मदिन मनाया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रापा स्कूल में जन्मोत्सव के अवसर पर सरपंच संतोष भास्कर एवं प्रधान पाठक सुखचैन निर्मलकर, ममता सोनी शिक्षिका अंजू चंद्राकर, रुपाली सिंह, तोमन सिंह ठाकुर एवं सभी स्टाप ने बधाई संदेश देते हुए कहा कि हमारी शुभकामनाएं है कि शिक्षण कार्य को ऊंचाइयों तक पहुंचाने और छात्राओं को एक आदर्श नागरिक बनाने में सहयोग के लिए शाला परिवार द्वारा आभार व्यक्त किया।

### मजदूरों में रौनक, ग्रामीण किसानों की बढ़ी परेशानी

# बारिश थमने व बार-बार बिजली कटौती से धान फसल प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम नाऊडीह में धान की नर्सरी पूरी तरह तैयार हो चुकी है। किसानों ने 10 से 15 दिन पहले खेतों में धान का बीज बोकर मोटर पंप की सहायता से नर्सरी तैयार की थी। अब बोरवेल के पानी के सहारे खेतों में धान की रोपाई का कार्य धीरे-धीरे शुरू हो गया है। हालांकि पिछले तीन-चार दिनों से बारिश नहीं होने और लगातार बिजली कटौती के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है।

ग्राम नाऊडीह के किसान रामदास मानिकपुरी ने बताया कि रोपाई के लिए ग्राम बांझीमौहा से करीब दो दर्जन महिला मजदूरों को वाहन से लाया गया है। प्रत्येक मजदूर को प्रतिदिन 300 रुपये मजदूरी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को काम मिलने से उनके चेहरे पर रौनक है, लेकिन किसान मौसम और बिजली संकट से परेशान हैं।

किसानों का कहना है कि यदि समय पर अच्छी बारिश नहीं हुई और बिजली कटौती जारी रही, तो बोरवेल के भरोसे सिंचाई करना मुश्किल हो जाएगा। इससे धान की रोपाई और फसल दोनों प्रभावित हो सकती हैं। सालभर की मेहनत और कमाई को लेकर किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही है।



**मौसम की बेरूखी व बिजली संकट से किसान चिंतित**

किसानों का मानना है कि नियमित बारिश और निर्बाध बिजली आपूर्ति होने पर खेत-खलिहान फिर से हरियाली से भर उठेंगे और खेती का कार्य सुचारु रूप से आगे बढ़ सकेगा। फिलहाल मौसम की बेरुखी और बिजली संकट किसानों के लिए बड़ी चुनौती बने हुए हैं।

# वक्फ दावे से मुक्त हुई 7 एकड़ आबादी भूमि



- सीसी रोड व सामुदायिक भवन के लिए 12 लाख की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭पोंड़ी

उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा रविवार को एक दिवसीय प्रवास पर ग्राम पोंड़ी पहुंचे। गांव पहुंचने पर उन्होंने सबसे पहले प्राचीन मचकुंद महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद ग्राम की कुलदेवी सिद्धपीठ मां शीतला मंदिर में दर्शन कर आर्शीवाद लिया।

मंदिर दर्शन के पश्चात वे कुंभकार पारा पहुंचे, जहां आयोजित सभा में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने गांव की वर्षों पुरानी आबादी भूमि से जुड़े वक्फ विवाद के समाधान की जानकारी दी।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ग्राम पोंड़ी की लगभग 7 एकड़ आबादी भूमि, जिसमें मां शीतला मंदिर सहित अनेक परिवारों के मकान शामिल थे, उस पर वक्फ बोर्ड द्वारा दावा किया गया था। राज्य सरकार के प्रयासों से यह दावा समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब इस भूमि पर निवासरत परिवारों का अधिकार सुरक्षित है और वे अपनी भूमि के वैध मालिक हैं। इस निर्णय से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है।

सभा के दौरान ग्रामीणों ने गांव के विभिन्न विकास कार्यों की मांग उपमुख्यमंत्री के समक्ष रखी। ग्राम पंचायत की ओर से सीसी रोड निर्माण की मांग पर उन्होंने तत्काल 5.50 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की। वहीं निषाद समाज की लंबे समय से लंबित सामुदायिक भवन निर्माण की मांग को स्वीकार करते हुए 6.50 लाख रुपए की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के समग्र विकास और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य कर रही है। उपमुख्यमंत्री के प्रथम पोंड़ी आगमन पर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहा। वक्फ बोर्ड के दावे से आबादी भूमि मुक्त होने पर ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और आभार व्यक्त किया।

# बसनी के ग्रामीणों ने की गांव में ही उचित मूल्य दुकान खोलने मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम बसनी के राशन कार्डधारियों को हर माह शासकीय उचित मूल्य की दुकान से राशन (चांवल) प्राप्त करने के लिए लगभग एक किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत घोरपेंड्री जाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस अव्यवस्था के कारण उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार राशन लेने के दौरान कई बार सर्वर डाउन रहने या फिंगरप्रिंट सत्यापन में दिक्कत आने से घंटों तक दुकान में इंतजार करना पड़ता है। इसके बाद एक किलोमीटर तक चांवल लेकर पैदल वापस गांव लौटना भी कठिन होता है, जिससे विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग हितग्राहियों को अधिक परेशानी होती है।

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि ग्राम बसनी में ही शासकीय उचित मूल्य की दुकान अथवा खाद्यान्न वितरण केंद्र स्थापित किया जाए, ताकि गांव के हितग्राहियों को अपने ही गांव में राशन उपलब्ध हो सके और उन्हें दूसरे गांव तक नहीं जाना पड़े।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में ग्राम पंचायत घोरपेंड्री और उसके आश्रित ग्राम बसनी के सभी राशन कार्डधारियों को एक ही दुकान से खाद्यान्न वितरित किया जाता है, जिससे वहां अत्यधिक भीड़ लग जाती है। यदि दोनों गांवों में अलग-अलग राशन वितरण की व्यवस्था की जाए तो भीड़ भी कम होगी और बसनी के हितग्राहियों को राहत मिलेगी।

### पुल पर मवेशियों का झुंड, चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

समनापुर रोड स्थित संकरी नदी पुल पर शाम के समय मवेशियों का झुंड बैठा रहता है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। वही वाहन चालकों को निकलने में काफी परेशानी होती है। इसके बावजूद समस्या के समाधान के लिए प्रयास नहीं हो रहा है।

# घनश्याम बने प्रकोष्ठ के सलाहकार, योगेन्द्र को मिली प्रदेश संगठन सचिव की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया




छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ ने संगठन विस्तार करते हुए पंडरिया ब्लॉक के दो समाजसेवियों को प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश साहू संघ द्वारा जारी सूची के अनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया अध्यक्ष घनश्याम साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ का सलाहकार नियुक्त किया गया।

वहीं योगेन्द्र साहू को प्रदेश संगठन का संगठन सचिव का दायित्व सौंपा गया। नियुक्ति की सूचना मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर है। नवनियुक्त सलाहकार घनश्याम साहू ने प्रदेश साहू संघ के सभी 33/61 के शीर्ष नेतृत्व पदाधिकारियों एवं समाज के सम्मानित बंधुओं के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आप सभी के आर्शीवाद, विश्वास और सहयोग से ही मुझे यह महत्वपूर्ण दायित्व मिला है। श्री साहू ने आगे कहा कि समाज की एकता, सेवा और युवा शक्ति के विकास के लिए सदैव समर्पित रहूंगा।

समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना और युवाओं को संगठन से जोड़ना मेरी प्राथमिकता रहेगी। योगेन्द्र साहू ने भी दायित्व मिलने पर प्रदेश संगठन के प्रति आभार जताया और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। पंडरिया ब्लॉक से एक साथ दो लोगों को प्रदेश संगठन में जगह मिलने से समाज में उत्साह का माहौल है।

# आंदोलन की रणनीति व संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से की चर्चा

- सात सूत्रीय मांगों को पर विस्तार से चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन की जिला स्तरीय बैठक जिलाध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा के नेतृत्व में कर्मचारी अधिकारी भवन कवर्धा में संपन्न हुई। बैठक में फेडरेशन के पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए आगामी आंदोलन की रणनीति एवं संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक का मुख्य एजेंडा सहायक शिक्षकों की लंबित सात सूत्रीय मांगों को लेकर आगामी 15 जुलाई को नवा रायपुर के तूता मैदान में प्रस्तावित विधानसभा घेराव को सफल बनाने हेतु व्यापक तैयारी करना रहा। उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने एकजुट होकर अधिक से अधिक संख्या में आंदोलन में शामिल होने का संकल्प लिया। बैठक में निम्न सात सूत्रीय मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई जिसमें मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर की जाए, सहायक शिक्षकों को क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान किया जाए, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर समस्त लाभ प्रदान किए जाए, सेवारत शिक्षकों की सुरक्षा हेतु विभागीय टीईटी का आयोजन किया जाए, वीएसके ऐप की तकनीकी समस्या दूर होने तक किसी भी शिक्षक के वेतन में कटौती न की जाए, एकल शिक्षकीय शालाओं में शिक्षकों की समुचित व्यवस्था की जाए, पदोन्नति में वरिष्ठता का ध्यान रखते हुए अति शीघ्र पदोन्नति प्रदान की जाए। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा ने कहा कि सहायक शिक्षकों की वर्षों से लंबित मांगों का शीघ्र समाधान आवश्यक है।

उन्होंने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए एकजुट होकर 15 जुलाई को होने वाले विधानसभा घेराव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों। बैठक में प्रमुख रूप से कार्यकारी जिलाध्यक्ष केशलाल साहू, राजेंद्र शर्मा, धरमू कुर्रे, संजय साहू, ईश्वरी साहू, तुलाराम सागर, सरजू मरकाम, भगवानी पाटिल, देवकुमार पांडेय, राघवेंद्र सिंह, महेश कुमार, बरसाती लाल सोनी एवं प्रकाश चौबे सहित जिले के अनेक शिक्षक एवं पदाधिकारी उपस्थित थें।

### शिक्षा गुणवत्ता समीक्षा बैठक के साथ किया पौधरोपण

**कुई-कुकदूर।** शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन इस बार कुई-कुकदूर में किया गया। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपक ठाकुर ने शिक्षकों को विभागीय प्राथमिकताओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में वरिष्ठ शिक्षक सभाजीत सिंह, राजर्षि पांडेय सहित नेऊर, कुकदूर एवं बदना संकुल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थें। बैठक के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी ने सामूहिक रूप से पौधरोपण किया। बैठक में विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों में सुधार, समयबद्ध पाठ्यक्रम पूर्ण करने, नियमित मूल्यांकन तथा विद्यालयों में अनुशासित एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

पेज 7 का शेष

### बोरी में मिले नवजात ...

अपेक्षित सक्रियता क्यों नहीं दिखाई। **कथित युवक पर कार्रवाई नहीं होने से भी उठे सवालः** घटना के दौरान पुलिस जांच में यह बात सामने आई थी कि युवती ने कबीरधाम जिले के एक युवक के साथ संबंध होने की बात स्वीकार की थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पुलिस का प्रारंभिक आधार यही था, तो संबंधित युवक से कड़ी पूछताछ और कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं की गई। यही कारण है कि पूरे घटनाक्रम को लेकर संदेह और गहरा होता गया। **मरार समाज का आंदोलन, 11 लोगों पर दर्ज हुआ था मामलाः** इस मामले को लेकर मरार समाज सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पुलिस की कार्रवाई का विरोध करते हुए थाना घेराव किया था। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जो वर्तमान में न्यायालय में लंबित है। समाज के लोगों का आरोप था कि बिना पर्याप्त वैज्ञानिक साक्ष्य के एक युवती को आरोपी बना दिया गया, जबकि वास्तविक दोषी तक पहुंचने की गंभीर कोशिश नहीं की गई।

### शिविर में 104 ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जांच (ओपीडी) की गई

# रेंगाखार में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेंगाखार में गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क सोनोग्राफी शिविर और रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह पहल उन दूरस्थ व वन क्षेत्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है जहां स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सीमित रहती है। इस निःशुल्क शिविर में हाई-रिस्क मामलों की समय पर पहचान, प्रसव पूर्व देखभाल और आवश्यकता अनुसार चिकित्सीय हस्तक्षेप सुनिश्चित हो सके, चिकित्सकों ने प्रसव पूर्व सावधानियां, पोषण, एनीमिया रोकथाम और संस्थागत प्रसव के महत्व की जानकारी भी प्रदान की। निःशुल्क शिविर में 104 ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जांच (ओपीडी) की गई। वहीं क्षेत्र से पहुंचे सभी लोगों को तत्काल दवाइयां, परामर्श और आवश्यक चिकित्सकीय देखभाल उपलब्ध कराई गई। सोनोग्राफी और स्वास्थ्य सेवाओं का, चिल्फी, रेंगाखार, सेक्टर आदि वन क्षेत्रों की महिलाओं को मिला। जिस पर ग्राम रेंगाखार सेक्टर खारा, रेंगाखार, समनापुर, बम्हनी, लोहारीडीह, बांदाटोला, निवासपुर, चिल्ली सेक्टर अंतर्गत शीतलपानी क्षेत्र में योग्य स्वास्थ्य सुविधा का अभाव है और इस तरह के शिविर संवेदनशील आबादी के लिए जीवनरक्षक साबित होते हैं।

**क्षेत्र में निःशुल्क शिविर आयोजित किए जाएंगे**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ देवेंद्र तूरे ने कहा कि ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच सुनिश्चित हो सके। बीएमओ डॉ पुरुषोत्तम राजपूत ने बताया कि सोनोग्राफी से हाई-रिस्क गर्भावस्था की पहचान पहले ही हो जाती है, जो वनांचल क्षेत्रों के लिए अत्यंत आवश्यक है।

**वनांचल क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों। उन्होंने ऐसे शिविरों को नियमित रूप से जारी रखने का भरोसा दिया। ग्रामीणों ने इस प्रयास के लिए सरकार और स्वास्थ्य विभाग का आभार जताया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
• मूत्र रोग एवं सर्जरी
• किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
• प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
• यौन संबंधी समस्याएं
• महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# गाड़ामोर मेन रोड के गड्ढे बने 'बरसाती, तालाब', हर दिन हादसे की आशंका

## नवागढ़-मुंगेली मुख्य मार्ग बदहाल, पानी में छिपे गड्ढे दे रहे दुर्घटना को न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाड़ामोर/नवागढ़

बरसात ने जहां किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौटाई है, वहीं नवागढ़–मुंगेली मुख्य मार्ग पर स्थित गाड़ामोर मेन रोड की तस्वीर कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। सड़क पर बने विशाल गड्ढे अब बारिश का पानी भरने से छोटे-छोटे तालाब में बदल चुके हैं। हालात ऐसे हैं कि वाहन चालक यह समझ ही नहीं पाते कि सामने सड़क है या पानी से भरा गड्ढा। ऐसे में इस मार्ग से गुजरना मानो हर दिन अपनी किस्मत आजमाने जैसा हो गया है। गाड़ामोर मेन रोड क्षेत्र के लिए केवल एक सड़क नहीं, बल्कि नवागढ़, मुंगेली और आसपास के दर्जनों गांवों की जीवनरेखा है। प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन, स्कूल बसें, एम्बुलेंस, किसान अपनी उपज लेकर जाने वाले ट्रैक्टर और नौकरीपेशा लोगों के वाहन इसी रास्ते से गुजरते हैं। लेकिन सड़क की बदहाल स्थिति ने सफर को जोखिमभरा बना दिया है। सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है। बारिश के कारण गड्ढों की गहराई दिखाई नहीं देती। चालक जैसे ही पानी भरे हिस्से में प्रवेश करते हैं, वाहन अचानक उछल जाता है या अनियंत्रित हो जाता है। कई बार पीछे से आने वाले वाहन भी अचानक ब्रेक लगाने को मजबूर हो जाते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है।

### हर बार की तरह बारिश पहुंच गई, पर मरम्मत नहीं

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की मरम्मत की मांग कई बार संबंधित विभाग तक पहुंचाई जा चुकी है, लेकिन हर बरसात की तरह इस बार भी गड्ढे पहले पहुंचे और मरम्मत बाद में आने का इंतजार कर रही है। ग्रामीणों का तंज है कि यदि यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में लोग गाड़ामोर को सड़क से नहीं, बल्कि बरसाती गड्ढों की पहचान से याद करने लगेंगे।





### समय और ईंधन दोनों की बर्बादीः कारोबारी

व्यापारियों और ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग आर्थिक गतिविधियों की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। खराब सड़क के कारण वाहनों की गति धीमी हो जाती है, समय और ईंधन दोनों की बर्बादी होती है, वहीं वाहन भी जल्दी खराब हो रहे हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि यदि किसी गंभीर मरीज को अस्पताल ले जाना पड़े तो यह रास्ता उसकी मुश्किलें और बढ़ा सकता है। **जल्द से जल्द कराई जाए मरम्मतः** ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग और जिला प्रशासन से मांग की है कि किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार करने के बजाय तत्काल गड्ढों की मरम्मत कर सड़क को सुरक्षित बनाया जाए। लोगों का कहना है कि विकास की पहचान चमचमाती सड़कें होती हैं, न कि ऐसे गड्ढे जो हर गुजरने वाले से पूछते हों-आज बचकर निकल पाओगे या नहीं?

## खबर संक्षेप



### आठ चोरियां करने के दो आरोपी गिरफ्तार, 32 लाख का माल जब्त

**भिलाई।** शहर में हुए आठ चोरी के वारदात को अंजाम देने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मोहन नगर, पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र में हुए चोरी के वारदात को अंजाम देने वाले हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जामुल निवासी अनुराग मिश्रा , कैलाश नगर तुषार मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस रात के पेट्रोलिंग, संवेदनशील क्षेत्रों में सघन नाकेबंदी, सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का गहन जांच कर मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने के बाद दोनों आरोपी को पकड़ा गया। पेट्रोलिंग एवं नाकेबंदी कर एक सफेद रंग की इंडिगो कार संदिग्ध अवस्था में दिखाई दी। पुलिस वाहन को रोकने का संकेत देने पर चालक वाहन लेकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया। उसमें सवार युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया।

### नर्सिंग छात्रा की हत्या करने वाला गिरफ्तार पहले दबाया गला, फिर चाकू से गोदा

**भिलाई।** एक तरफा प्रेम प्रसंग के चलते नर्सिंग छात्रा की हत्या मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि राम नगर सुपेला पीजी निवासी खुशी साहू मूलतः बेमेतरा की रहने वाली है। सकरी वार्ड 12 बजरंग चौक बलौदा बाजार निवासी लोकेश्वर साहू उर्फ पिंटू नर्सिंग छात्रा से एक तरफा प्रेम करता था। माह भर से अलग-अलग नंबरों से खुशी को कॉल कर पिंटू को परेशान कर रहा था। इस कारण मृतका खुशी उसके नंबर को ब्लॉक कर दिया। इससे आक्रोशित होकर पिंटू ने पूर्व नियोजित योजना बनाकर रायपुर से भिलाई पहुंचा। अपने साथ धारदार हथियार लेकर खुशी के पीजी कमरे में प्रवेश किया और मौका पाते ही छात्रा पर दर्जनों बार चाकू से गोद कर मौत के घाट उतार दिया। पिंटू अपनी पहचान एवं साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से उसने दो शर्ट, पैंट के भीतर बरमूडा पहन रखा था। कमरे में विवाद होने पर आरोपी ने खुशी का पहले गला दबाया। उसके बाद धारदार हथियार से हमला कर फरार हो गया। घटना के बाद आरोपी ने पहने हुए कपड़े एवं जूते नदी में फेंककर साक्ष्य नष्ट करने का प्रयास किया। शुक्रवार को पिंटू ने पहले खुशी गला दबाया, फिर चाकू से पीठ, हाथ और पेट पर 12 वार किया। जिससे युवती की जान चली गई।

### नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन समारोह

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के भिलाई विद्यालय, सेक्टर-2 में कक्षा 9 एवं 11 के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को विद्यालय की कार्यप्रणाली, शैक्षणिक वातावरण, उपलब्धियों तथा अनुशासन संबंधी व्यवस्थाओं से परिचित कराना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाप्रबंधक शिक्षा शिखा दुबे थीं।


## मठ मंदिरों को मिले दान समाज की सेवा के लिए, कोष संचय के लिए नहीं : धर्म स्तंभ काउंसिल

# शून्य जन कल्याण सेवा गतिविधि वाले मठ मंदिरों को काउंसिल ने भेजा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

धर्म स्तंभ काउंसिल ने प्रदेश के मठ-मंदिरों के लिए एक महत्वपूर्ण सलाह (एडवाइजरी) जारी करते हुए कहा है कि श्रद्धालुओं द्वारा भगवान को अर्पित किया जाने वाला धन, स्वर्ण, भूमि, अन्न, फल-फूल अथवा अन्य दान मूलतः लोककल्याण की भावना का प्रतीक है,यह दान भगवान की किसी व्यक्तिगत आवश्यकता की पूर्ति के लिए नहीं, बल्कि धर्म, सेवा और समाज हित के कार्यों को आगे बढ़ाने का माध्यम है।

काउंसिल का कहना है कि सनातन दर्शन के अनुसार भगवान सम्पूर्ण ब्रह्मांड के सृष्टिकर्ता एवं स्वामी हैं,समस्त प्रकृति, पृथ्वी, आकाश, समुद्र, पर्वत, रत्न, धातुएं और समस्त वैभव उन्हीं के अधीन हैं,ऐसे परमात्मा को किसी मुद्रा, कोष या भोग-सामग्री की आवश्यकता नहीं होती,वे केवल अपने भक्तों के निष्कलुष भाव से प्रसन्न होते हैं,श्रद्धालु भगवान को दान समर्पित कर वास्तव में समाज सेवा का एक पवित्र माध्यम उपलब्ध कराते हैं। धर्म स्तंभ काउंसिल ने अपनी एडवाइजरी में कहा है कि मठ-मंदिरों में प्राप्त दान का उपयोग सर्वप्रथम मंदिरों के संरक्षण, रख-रखाव, पूजा-अर्चना और आवश्यक व्यवस्थाओं में किया जाए,इसके उपरांत शेष राशि का उपयोग कथा-प्रवचन, भोग-भंडारा, संत-सेवा, गौसेवा, संस्कृत शिक्षा, निर्धन विद्यार्थियों की सहायता, रोगियों की सेवा, अन्नदान, पर्यावरण संरक्षण तथा अन्य जनकल्याणकारी परियोजनाओं में किया जाना चाहिए,मंदिरों का उद्देश्य केवल कोष बढ़ाना नहीं, बल्कि समाज को आध्यात्मिक और सामाजिक रूप से समृद्ध बनाना है। धर्म स्तंभ काउंसिल के सभापति डॉ. सौरव निर्वाणी ने कहा, "छत्तीसगढ़ की पावन धरा एक बार फिर पूरे देश के सामने 'टेम्पल इकोनॉमी' का आदर्श मॉडल प्रस्तुत कर सकती है। हमारे मठ और मंदिर केवल आस्था के केंद्र नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सेवा, संस्कार और आत्मविश्वास पहुंचाने वाले केंद्र बनें, जब मंदिरों का दान समाज के कल्याण में लगेगा, तब सनातन की सेवा परंपरा और अधिक सशक्त होगी। वहीं, राम जानकी मंदिर के महंत सुरेंद्र दास ने कहा, "मंदिरों में आने वाला प्रत्येक दान ईश्वर के प्रति श्रद्धा और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का प्रतीक है, सनातन परंपरा में अन्नदान, संत-सेवा, गौसेवा, शिक्षा, चिकित्सा और जरूरतमंदों की सहायता को सर्वोच्च पुण्य माना गया है,प्रत्येक मठ और मंदिर को अपनी परिस्थितियों के अनुसार सेवा के ऐसे स्थायी प्रकल्प विकसित करने चाहिए, जिससे समाज का प्रत्येक वर्ग लाभान्वित हो। यही सच्ची ईश्वर-सेवा और लोकमंगल की परंपरा है। धर्म स्तंभ काउंसिल ने प्रदेश के सभी मठों, मंदिरों, आश्रमों और धार्मिक ट्रस्टों से आह्वान किया है कि वे सेवा, पारदर्शिता और जनभागीदारी पर आधारित मंदिर व्यवस्था विकसित करें, ताकि सनातन की सेवा परंपरा आने वाली पीढ़ियों के लिए और अधिक प्रभावी एवं प्रेरणादायी बन सके।



## मोहतरा में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना-जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी का सदस्यता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम बावा मोहतरा में रविवार को छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना (सीकेएस) एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी (जेसीपी) के संयुक्त तत्वावधान में सदस्यता अभियान एवं संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान गांव के करीब 30 युवाओं एवं बुजुर्गों ने छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा, छत्तीसगढ़िया अस्मिता तथा मूलनिवासी अधिकारों की रक्षा के संकल्प के साथ संगठन की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।

- 30 युवाओं व बुजुर्गों ने थामा संगठन का दामन

बैठक में संगठन विस्तार के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। पदाधिकारियों एवं नवसदस्यों ने सामूहिक रूप से वृक्षारोपण कर हरियाली बढ़ाने तथा प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान संगठन की आगामी रणनीति, गांव-गांव सदस्यता अभियान को गति देने तथा जनहित के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जल, जंगल, जमीन, भाषा और संस्कृति की रक्षा के लिए छत्तीसगढ़िया विचारधारा को प्रत्येक गांव और परिवार तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने विश्वास जताया कि नए सदस्यों के जुड़ने से संगठन को ग्रामीण क्षेत्रों में नई मजबूती और व्यापक जनसमर्थन मिलेगा।

कार्यक्रम में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के शहर अध्यक्ष सूर्या सिंह चौहान, छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के शहर अध्यक्ष पार्थ मानिकपुरी, जिला महामंत्री राहुल यादव तथा जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के शहर महामंत्री दीपक सिंहा सहित ग्रामीण अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुना गया बारगांव विद्यालय का शाला नायक




हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/बेरला

विकासखंड बेरला अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव में सत्र 2026-27 के लिए बाल कैबिनेट एवं शाला नायक का चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय में चुनाव की पूरी प्रक्रिया देश के आम चुनावों की तर्ज पर कराई गई। नामांकन, जांच, नाम वापसी, चुनाव प्रचार, मतदान और मतगणना की सभी औपचारिकताओं का विधिवत पालन किया गया। चुनाव में कुल 262 विद्यार्थियों ने मतदान किया। शाला नायक पद के लिए हुए मुकाबले में चिंताराम पटेल ने 204 मत प्राप्त कर अपने प्रतिद्वंद्वी राकेश कुमार (58 मत) को 146 मतों से पराजित किया। उप शाला नायक पद पर कु. पूर्णिमा 192 मत प्राप्त कर निर्वाचित हुईं। वहीं बाल कैबिनेट के अन्य पदों पर कु. निधि पाटिल (खेल मंत्री), मयंक (सांस्कृतिक मंत्री), कु. आकाशी (अनुशासन मंत्री), पूर्णानंद (स्वच्छता मंत्री) और लक्ष्मी नारायण (बागवानी मंत्री) का चयन किया गया। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा। विजयी विद्यार्थियों का शिक्षकों एवं सहपाठियों ने तालियों, गुलाल और शुभकामनाओं के साथ स्वागत किया। प्राचार्य श्याम सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, मतदान के महत्व और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। चुनाव प्रभारी हिमाचल साहू ने कहा कि विद्यालय स्तर पर चुनाव कराने से विद्यार्थियों में जिम्मेदारी और नेतृत्व के गुण विकसित होते हैं तथा वे भविष्य के जागरूक नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित होते हैं। व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू ने कहा कि चुनाव बच्चों को अनुशासन, निष्पक्षता और टीम भावना का संदेश देते हैं। उन्होंने सभी प्रत्याशियों की सराहना करते हुए कहा कि नवनिर्वाचित बाल कैबिनेट विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। निर्वाचन कार्य को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

- चिंताराम पटेल बने शाला नायक

## छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन बेमेतरा का विस्तार, बसन्त कौशिक बने जिला उपसंयोजक

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन की जिला इकाई बेमेतरा के संगठनात्मक विस्तार के तहत नई नियुक्तियाँ की गई हैं। प्रांतीय नेतृत्व की अनुशंसा एवं जिला संयोजक की सहमति से बसन्त कौशिक को सर्वसम्मति से अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन, जिला बेमेतरा का जिला उपसंयोजक नियुक्त किया गया है।



फेडरेशन ने बताया कि बसन्त कौशिक की संगठन के प्रति निष्ठा, सक्रिय भूमिका तथा कर्मचारी हितों के लिए किए गए सतत प्रयासों को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। उनकी नियुक्ति से जिले के अधिकारी-कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है और संगठन को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। नवनियुक्त जिला उपसंयोजक बसन्त कौशिक ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि जिले के अधिकारी-कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान, उनके वैधानिक अधिकारों की रक्षा तथा कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दों को फेडरेशन के माध्यम से प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और कर्मचारियों की एकजुटता उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी तथा सभी वर्गों के कर्मचारियों को साथ लेकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा।

